भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1928
गुरुवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत मार्ग

1928. श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जुलाई 2026 की स्थिति के अनुसार उड़ान योजना के अंतर्गत कार्यशील हेलीपोर्ट सहित मार्गों और विमानपत्तनों की संख्या कितनी है और सेवा प्राप्त करने वाले यात्रियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) विशेषकर तमिलनाडु के लिए उड़ान योजना के अंतर्गत स्वीकृत या चालू किए गए मार्गों और विमानपत्तनों की जिला-वार सूची क्या है; और

(ग) अल्पसेवित और असेवित क्षेत्रों में हासिल किए गए लक्ष्यों की तुलना में देशभर में उक्त योजना के अंतर्गत संचालित उड़ानों का सांख्यिकीय ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) दिनांक 10.07.2026 तक, 'उड़ान' योजना के तहत, 17 हेलीपोर्टों और 02 वॉटर एयरोड्रोमों सहित 95 हवाईअड्डों को जोड़ने वाले 679 आरसीएस मार्गों को प्रचालनरत किया गया है, जिससे 168 लाख यात्रियों को लाभ प्राप्त हुआ है।

(ख) तमिलनाडु में विकास और आरसीएस उड़ानों के परिचालन के लिए चार हवाईअड्डों, नामतः सेलम, वेल्लोर, नेयवेली और तंजौर की पहचान की गई है। तमिलनाडु में 'उड़ान' योजना के तहत प्रचालनरत किए गए मार्गों की जिला-वार सूची अनुलग्नक में उपलब्ध है।

(ग) दिनांक 10.07.2026 तक, 'उड़ान' योजना के तहत देशभर में असेवित और अल्पसेवित एयरोड्रोमों को जोड़ने वाली कुल 3.58 लाख आरसीएस उड़ानें परिचालित की गई हैं।

अनुलग्नक

तमिलनाडु में 'उड़ान' योजना के तहत प्रचालनरत किए गए आरसीएस मार्ग और हवाईअड्डे

क्र.सं.	जिला	प्रचालनरत मार्ग
1.	सेलम	सेलम – बेंगलुरु
2.	सेलम	सेलम – कोचीन
3.	सेलम	सेलम – बेंगलुरु
4.	सेलम	सेलम – हैदराबाद
5.	चेन्नै	चेन्नै – मैसूर
6.	चेन्नै	चेन्नै – कडप्पा
7.	चेन्नै	चेन्नै – सेलम
8.	चेन्नै	चेन्नै – कन्नूर
9.	चेन्नै	चेन्नै – दुर्गापुर

*****